be monitored on a case to case basis. The domestic production of drugs would be stimulated through tariff mechanism.

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने की गैस की अनुमानित आवश्यकता

*237. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने की गैस की अनुमानतः कितनी कितनी आवश्यकता है और उन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई के लिए क्या व्यवस्था की गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : वर्तमान नीति के अनुसार तेल उद्योग 20,000 या उससे अधिक की आबादी वाले उन शहरों को चरणबद्ध रूप से अपने वार्षिक विपणन कार्यक्रमों के अंतर्गत एल पी जी विपणन के लिए हाथ में ले रहा है जहां पर्याप्त मांग तत्व मौजूद होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एल पी जी के विपणन का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। देश में एल पी जी की कुल मांग का अनुमान लगाने के लिए तेल उद्योग की ओर से राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद, ने एक सर्वेक्षण किया है और इसने 1991-92 तक 3.39 मिलियन मी टन की मांग होने का अनुमान लगाया । सरकार ने इस मांग को पूरा करने के लिए स्वदेशी साधनों से एल पी जी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इनमें रिफाइनरियों का विस्तार करना प्राकृतिक गैस से एल पी जी निकालना आदि शामिल है । आवश्यकतानुसार एल पी जी का आयात भी किया जा रहा

Joint consultancy with a NRI firm

*238. SHRI CHIMANBHAI MEHTA. Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Dr. Raj K. Nigam, Director of the Centre for Corporate and Business Policy Research has opposed the proposed Consultancy Joint Venture based on collaboration with NRI having 51 per cent shareholding; if so what are the details in this regard;

Ob) whether the Joint venture is proposed to be finalised during the next year;

(c) whether the Company would be formed in USA or in India; and

(d) whether it is a fact that Shri Pathak who sponsored the Joint venture has proposed 2 per cent and 4 per cent charges for management consultancy and maintenance service consultancy, respectively?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO): (a) No, Sir. Government has not received any such reaction.

(b) Government have since advised six public enterprises for formation of a Joint venture company in India for rendering specialised management and technological services for improving the performance of public enterprises.

(c) The Joint venture company is to be formed in India.

(d) No, **Sir.**

वाणिज्यिक गैस कनैक्शन जारी करने पर रोक

*239. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाणिज्यिक गैस कनेक्शन जारी करने पर लम्बी अवधि तक के लिए रोक लगा दी गई है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वाणिज्यिक गैस कनेक्शनों की कीमतों में हाल ही वृद्धि की गई है ;